हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव

# पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज का नगर आगमन, उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जैन समाज के 108 पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी का आज शाम शहर में मंगल प्रवेश हुआ। उनके आगमन को लेकर यहां भव्य तैयारी की गई थी। शहर के गुरुद्वारा चौक के समीप सैकड़ों की संख्या में जैन समाज के लोगों ने भक्ति भजन के साथ पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज और अन्य जैन संतों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान समाज की महिलाओं ने सड़क पर रंगोलियां सजाई और मुनि संघ का हर्षोल्लास से स्वागत किया।

पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के नगर आगमन को लेकर समाज के वरिष्ठ खूबचंद पारख ने बताया कि आचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज साहब का नगर प्रवेश हो रहा है। यह राजनांदगांव के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि आचार्य जी पहले भी छत्तीसगढ़ चातुर्मास के लिए आ चुके हैं। इस बार उनका नया दायित्व के साथ प्रवेश हो रहा है। वह पट्टाचार्य यानी पांच आचार्य के मुखिया के रूप में उन्हें चुने जाने के बाद उनका यहां प्रथम प्रवेश हो रहा है। जिसको लेकर उत्साह बना हुआ है। पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के राजनांदगांव शहर आगमन से समाज के लोगों में उत्साह का महौल है। सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने आज उनका स्वागत किया। इस दौरान भव्य शोभा यात्रा के रूप में समाज के लोगों ने स्वागत सत्कार करते हुए जैन संतों का आशीर्वाद लिया।

## निर्माणाधीन मंदिर का अवलोकन और प्रवचन

दिगंबर जैन पंचायत के सचिव सूर्यकांत जैन ने बताया कि पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज का आज मंगल प्रवेश हुआ है। वे यहां रात्रि विश्राम करेंगे। वहीं इस दौरान निर्माणाधीन जैन मंदिर का अवलोकन करने के पश्चात उद्याचल में उनका प्रवचन होगा। उन्होंने बताया कि पट्टाचार्य महाराज साहब 24 मुनियों के साथ मंगल प्रवेश किए हैं। रात्रि विश्राम पश्चात वह राजिम के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सूर्यदेव होंगे उत्तरायण, दान पुण्य में गुजरेगा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मकर संक्राति पर्व को लेकर अंचल के लोगों में हर्षोल्लास का माहौल है, भगवान सूर्य देव की आराधना और दान पुण्य के बीच गुजरने वाले इस दिन को लेकर लोगों के बीच पूजा सामग्रियों की मांग बनी रही। बाजार में तिल्ली से बने पकवान सहित अन्य सामग्रियों की लोगों के बीच मांग रही।

पंचांग के मुताबिक मकर संक्रांति पर्व 14 जनवरी को मनाया जायेगा। जिसे लेकर लोगों में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। इस दिन सूर्य देव मकर राशि में गोचर करेंगे। मकर संक्रांति का पुण्य काल दोपहर 3.13 से शाम 4.58 बजे तक रहेगा। पंचांग के अनुसार सूर्य देव के उत्तरायण होते ही खरमास समाप्त हो जायेगा। पूजा सामग्रियों की मांग सूर्य देव के उत्तरायण होते ही एवं खरमास के समापन पश्चात मांगलिक एवं शुभ कार्यों का सिलसिला प्रारंभ हो जायेगा। मकर संक्रांति के दिन तिल्ली से बने लड्डु व अन्य पकवानों सहित पूजा सामग्रियों को सूर्य देव को अर्पित किया जायेगा। स्नान ध्यान कर लोग इस दिन पूजा अर्चना एवं दान कर पुण्य कमाने जुटे रहेंगे। दिन भर श्रद्धा भक्ति का माहौल बना रहेगा। दिन भर बाजार में पूजा सामग्रियों की मांग रही। संक्रांति पर्व पर पतंग बाजी करने की भी परंपरा रही है। लिहाजा युवा से लेकर बच्चों के बीच पतंग की मांग बनी रही।







## खबर संक्षेप

### घोटिया मड़ई 18 को

**डोंगरगढ़।** घोटिया में मंडई का आयोजन आगामी 18 जनवरी को ग्रामवसियों के सहयोग से रखा गया है। रात्रि में भूले बिसरे छत्तीसगढी नाच पार्टी मोंगरापाली का कार्यक्रम रखा गया है। संयोजक सुरेश कुमार सिन्हा, धनसू नेटी, रेखराम यादव सहित ग्रामवासियों ने आसपास के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### खुटेरी मड़ई 18 को

**सोमनी।** ग्राम खुटेरी में 18 जनवरी को मंडई मेला आयोजन किया गया है। रात्रि में दूध मोंगरा सांस्कृतिक कार्यक्रम गंडई की प्रस्तुति होगी। ग्राम हेमंत साहू ने आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों से शामिल होने की अपील की है।

### मानस गायन स्पर्धा 17 से

**सोमनी।** ग्राम सांकरा में ग्रामवासियों के तत्वावधान में मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 17 एवं 18 जनवरी को किया गया है। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार 3001 दुलारी साहू, द्वितीय 2501 सुमन, मानसी साहू, तृतीय 2001 रूपए पूर्व सरपंच रविना लेख टंडन, चतुर्थ 1501 तामेश्वर साहू द्वारा प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार श्रेष्ठ व्याख्या, हारमोनियम वादन, अनुशासन, वेशभूषा के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस पर होगा दो दिवसीय समारोह

**अंबागढ़ चौकी।** नगर में गणतंत्र दिवस उल्लास के साथ मनाने की तैयारियां शुरू हो गई है। इस परिपेक्ष्य में नगर पंचायत की सामान्य सभा की बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में दो दिवस आयोजन का निर्णय लिया गया। पहले दिन 26 जनवरी को देशभक्ति से परिपूर्ण आयोजन होंगे। दूसरे दिन शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा लोक कला एवं देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बैठक में प्रतिभावान छात्र छात्राओं, उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियो को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री योगेश्वर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद सुरेश नेताम, दिलीप कुंभकार, ईश्वरी ध्रुवे, विनोद डेहरिया, गोपीचंद देवांगन, उषा यादव, मुकेश सिन्हा, झरनेश कुंभकार, कविता यादव, किशुन पटेल, उमा निषाद उपस्थित थे।

### शिक्षकों के सालाना कैलेंडर का विमोचन



**डोंगरगांव।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने छग टीचर्स एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस मौके पर श्री गांधी ने एसोसिएशन के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे शिक्षकों को जरूरी जानकारी मिलेगी साथ ही संगठन के साथ जुडाव भी होगा। इस दौरान एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यदु, मिताली कटकवार ने भी अपने विचार रखे। विमोचन के मौके पर अध्यक्ष गिरीश हिरवानी, सचिव किशन देशमुख, उपाध्यक्ष माधव साहू, ब्लॉक संयोजक महेश ठाकुर, दीपिका साहू, शशि ठाकुर, देवेंद्र साहू, डामन साहू, संजीव कुल्हाड़े, महेंद्र पाटिल, रूपेंद्र देवांगन, महेतराम सोनकर, पारख प्रकाश सोनबोइर, हरीशंकर देवांगन, मोहन मंडावी मौजूद थे।

### महिलाओं को आजीविका प्रशिक्षण




**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन कार्यक्रम अंतर्गत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने गत दिनों विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आजीविका प्रशिक्षण का आयोजन किया। कार्यक्रम में लगभग 200 महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुई। इस अवसर पर एनआरएलएम के पीआरपी एवं एफएलसीआरपी, सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक, समर्थ परियोजना प्रबंधक भैया सिंह, सोशल मोबिलाइज़र नंदलाल साहू, कृषि विशेषज्ञ सोमनाथ चावले एवं सीआरपी राजिंदर कौर उपस्थित थे। महिलाओं को आजीविका संवर्धन, कृषि आधारित गतिविधियों एवं बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी गई। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

### कृषि को बढ़ावा देने का प्रयास




**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के एचआरडीपी अंतर्गत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से डोंगरगढ़ ब्लॉक के 15 गांवों में समग्र कृषि एवं आजीविका विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब एवं छोटे किसानों की आय में वृद्धि कर आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के तहत किसानों के खेतों में डेमोंस्ट्रेशन प्लॉट विकसित किए गए हैं। द्वितीय फसल को प्रोत्साहित करने के लिए चना, गेहूं, सरसों, लाखड़ी फसल एवं नाड़ी वाली सब्जियों जैसे कद्दू, लौकी, करेला, डोडका के बीज वितरित किए गए। साथ ही धनिया, मेथी, लाल भाजी, पालक भाजी, मूली एवं प्याज के बीज, ग्राफ्टेड टमाटर, बैंगन एवं मिर्च के पौधे किसानों को उपलब्ध कराए गए। कृषि उत्पादन को बेहतर बनाने के लिए किसानों को उर्वरक, कीटनाशक, पेस्टिसाइड तथा बैटरी चालित स्प्रेयर पंप का भी वितरण किया गया।

### मानस गायन में बागवहरी मंडली विजेता



**घुमका।** ग्राम हरडुवा में नवसृजन युवा मंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य किरण विनोद बारले थी। इस दौरान भाजपा घुमका मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, कांग्रेस समिति के अध्यक्ष रतन यादव, जिला पंचायत सदस्य चंद्रेश वर्मा, तोषण सिन्हा, अश्विनी जंघेल, गया वर्मा, इंद्रेश साहू, डा. रोहित वर्मा, मुकेश शान, गोवर्धन सेन, कमलेश यादव, मुकेश शान, राजेश शान, डा. ऋषि वर्मा, विमल वर्मा, मिनेश्वर सेन मौजूद थे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बागबहरी, द्वितीय अंबागढ़ चौकी, तृतीय अहिवारा, महिला वर्ग में प्रथम बागबहरा, द्वितीय गांधी नगर अंडा, तृतीय रसमड़ा की मंडली रही।

## निधन



### सोहद्राबाई पटेल

**सड़क अतरिया।** ग्राम ढोडिया निवासी सोहद्राबाई पटेल का मंगलवार को निधन हो गया। वह छुईखदान ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार पटेल की माता थी। मंगलवार को उनकी अंतिम यात्रा मुक्तिधाम के लिए निकली जिसमें परिवार, मित्र एवं ग्रामीण शामिल हुए।

---

### मिलीभगत से लुट रहे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार

# शहर में अवैध कॉलोनियों पर कांग्रेस का प्रहार, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सीमा अंतर्गत तेजी से फल-फूल रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार 13 जनवरी को शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने कलेक्टर जितेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपकर अवैध कालोनियों के निर्माण में संलिप्त कालोनाइजरों, अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान पीसीसी प्रवक्ता रुपेश दुबे, स.महासचिव डॉ.आफताब आलम, कुलबीर छाबड़ा, राकेश जोशी, अशोक पंजवानी, हरिनारायण गुप्ता, बंटी महाराज, डॉ.अरुण देवांगन, राजा तिवारी, राजेश गुप्ता चंपू, राजिक सोलंकी, वीरेंद्र चंद्राकर, सूरज शर्मा, मोहनीश धनकर, लक्ष्मण साहू, राकेश देवांगन, मोहन साहू, देवेश वैष्णव, राजा यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।



#### अवैध कालोनियों का निर्माण लगातार जारी

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि शहर में अवैध कॉलोनियों का निर्माण सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। नगर निगम, राजस्व विभाग और नगर निवेश विभाग की गंभीर लापरवाही और कथित मिलीभगत के चलते भूमाफिया खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर कॉलोनियां खड़ी कर रहे हैं। इन अवैध गतिविधियों से शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

#### ठगे जा रहे आम नागरिक

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के संरक्षण में भाजपा से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लोग अवैध कॉलोनियों के जरिये आम नागरिकों को ठग रहे हैं। अनुमति प्राप्त बताकर भूखंड बेचे जा रहे हैं, लेकिन बाद में भवन अनुज्ञा, नामांतरण और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परिवार वर्षों तक दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हो जाते हैं। मानसिक प्रताड़ना और आर्थिक नुकसान झेलना इन परिवारों की नियति बनती जा रही है। श्री मुदलियार ने मांग की कि नागरिकों के हित में अवैध कॉलोनियों की लोकेशन और भूमि मालिकों के नाम सार्वजनिक किए जाएं, ताकि लोग भ्रमित होकर अपनी गाढ़ी कमाई न गंवाएं।

#### दोषी कालोनाइजरों पर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग

नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर दोषी पाए गए कॉलोनाइजरों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाएं। कांग्रेसियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो कांग्रेस पार्टी नगर निवेश, राजस्व और निगम अधिकारियों के खिलाफ व्यापक मोर्चा खोला जाएगा। अवैध कॉलोनाइजरों और उन्हें मनमानी करने देने वाले मातहतों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

---

# गरीबों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पेयजल



**डोंगरगढ़।** गर्मी के दिनों में गहराने वाले जलसंकट और लोगों को निस्तारी सुविधा मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार ने नगर पालिका के माध्यम से शहर के विभिन्न वार्डो में पानी की टंकी लगाकर लोगों को सुविधा मुहैया कराने का प्रयास किया है।

नगर पालिका एवं उच्च अधिकारी इस प्रयास से लोगों को कितना फायदा मिल रहा है को देखने की आवश्यकता महसूस नहीं कर रहे हैं।

योजना अंतर्गत शहर के 24 वार्डो में पानी टंकी लगा कर बोर के माध्यम से गरीब तबके का लाभांवित करने का प्रयास किया गया है किंतु डायरेक्ट कनेक्शन जोड़कर नियम विरूद्ध कुछ रसुदखोरों और जनप्रतिनियों को लाभ दिया जा रहा है।

#### पालिका को नुकसान

बताया जा रहा है कि पानी सप्लाई के लिए लिए गए विद्युत कनेक्शन का भुगतान नगर पालिका से होना है। टंकी में पानी भरने के लिए ठेकेदारों ने विद्युत मंडल के अधिकारी से सांठगांठ कर मुख्य लाईनों से कनेक्शन जोड़कर लाखों का चूना लगा रहे है। बताया जाता है कि पालिका के माध्यम से कनेक्शन जुडा होता तो योजना का लाभ निर्धारित समय तक होता किन्तु वर्तमान में दिन भर कनेक्शन का लाभ लोग उठा रहे है। इस मामले की जांच की जाए तो पानी टंकी में किए गए भ्रष्टाचार के साथ विद्युत मंडष्की लापरवाही सामने आएगी।

---

# ज्योतिष राम पुनः अध्यक्ष निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- सर्व सम्मति से संपन्न हुआ पेंशनर्स संघ का चुनाव

छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा की प्रबंधन समिति का निर्वाचन प्रदेश पदाधिकारी अमर सिंह ठाकुर, एचएल ढोमने की उपस्थिति में गत दिवस संपन्न हुआ। ज्योतिष राम यादव को र्वसम्मति से पेंशनर्स संघ का पुनः अध्यक्ष चुना गया। संरक्षक जेएल पटेल ने ज्योतिष राम यादव के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका अमर सिंह ठाकुर, जीआर अहीर ने समर्थन किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने श्री यादव के नाम का समर्थन किया। इस अवसर पर आरडी मेश्राम, वायके गहरवार, नामदेव साहू, तोरण साहू, मनबोधी माली, पीडी साहू, केशव साहू, छन्नू हिरवानी, डोल कुमार देवांगन, शिवकुमार ठाकुर, रामकुमार ठाकुर, मानिकलाल देवांगन, राजेंद्रकुमार ठाकुर, सुमित्रा बोरकर, सुजाता बोरकर, मनसुखदास साहू, राष्ट्रपाल गजभिए, शोभितराम साहू, नंदकुमार श्रीवास्तव, परदेसी मंडलोई, तीरथ देवांगन, पीआर देवांगन, ठाकुरराम सोनकर, रोमसिंग मंडलोई, भागीरथी मानिकपुरी, मानिकलाल, जगतूराम, घनश्याम यादव, अवधराम, घनश्यामसिंह, डीपी डोंगरे, कृष्णालाल, नंदलाल साहू, राधेश्याम देवांगन, साकेत गंजीर, अकबर देवांगन, पुषणलाल, रामकरण, बहलसिंह, सी एल बोरकर, आत्माराम साहू, यूआर डहरे, राजकुमार देवांगन, गोपाल सोनकर, गिरधर मानिकपुरी, रामभरोसा ठाकुर आदि नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी।

---

# प्रेसीडेंट कप क्रिकेट स्पर्धा का आगाज़



**छुईखदान।** नगर के फुटबॉल ग्राउंड में बहुप्रतीक्षित प्रेसिडेंट कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ हुआ। आगाज़ के साथ ही क्षेत्र में क्रिकेट का जबरदस्त जुनून देखने को मिल रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र की नामचीन टीमें भाग ले रही हैं, जिससे कारण प्रतियोगिता बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। प्रथम पुरस्कार एक लाख है, जिसने खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह भर दिया है। रात के उजाले में खेले जा रहे मैचों को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी फुटबॉल ग्राउंड पहुंच रहे हैं। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और छुईखदान को क्रिकेट की पहचान दिलाना है। मैचों के दौरान खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और दर्शकों के जोश ने यह साबित कर दिया है कि छुईखदान क्षेत्र में क्रिकेट के प्रति गहरा जुनून है।

---

# नए पदाधिकारियों ने ग्रहण किया पदभार




हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह नवीन साहू सदन में गत दिनों संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में भक्त माता कर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू थे।

जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू ने पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पदाधिकारियों ने समाजिक एकता, शिक्षा, सामाजिक उत्थान एवं संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। शपथ समारोह में पूर्व विधायक छन्नी साहू, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, नीलमणि साहू, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, नपं अध्यक्ष अजय पटेल, लालबहादुर नपं अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, छबिल साहू, भेषबाई साहू, हेमिन साहू, मिलापदास साहू, राजू सिन्हा, चुम्मन साहू, चुरामनदास साहू, बालकिशन साहू, शिशुपाल साहू, कोमेश्वरी साहू, कविता साहू, पुरूषोत्तम साहू, हेतराम साहू, मदन साहू, डुमेश्वर साहू, भारतलाल साहू, नोबेल साहू, माधव साहू, पालन साहू, हीरा साहू, टहलू साहू, छगन साहू आदि शामिल हुए।



### शिक्षकों का आंदोलन 17 को

**बांधाबाजार।** छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने मोदी की गारंटी लागू करने और वीएसके एप से उपस्थिति के विरोध में 17 जनवरी को जिला स्तरीय आंदोलन करने का निर्णय लिया है। आंदोलन में ब्लॉक के शिक्षक शामिल होंगे। हड़ताल की तैयारी को लेकर शिक्षकों की बैठक आयोजित कर आवश्यक रणनीति बनाया गया। मांगों को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष कीरत गणवीर के नेतृत्व में बीईओ प्रशांत चितवर्कर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान चेतन दुबे, प्रमोद कुंभकार, राजेश बघेल, राकेश खोब्रागढे, उमाशंकर साहू, जनक साहू, जाकेश साहू, दीनानाथ देवांगन, नरेन्द्र तिवारी, रमेश देवांगन, दिनेश कोसा, छत्रपाल जंघेल, दिनेश गजेन्द्र, डिगेन्द्र साहू, राजेश नेताम, राममनोहर देवांगन, शैलेन्द्र कोठरे, सुदर्शन कोठरे, सुलोचना साहू, बेला चन्द्रवंशी, आरती दुबे, पुष्पा पिस्दा, पिंगला सिन्हा, निशा कोर्राम, अनिशा रानी, दीपिका सिन्हा, चैनदास डहरे, ममता वैष्णव आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

# खेल मैदान के निजी उपयोग पर रोक अनुमति के लिए देना होगा एक लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत ने खिलाड़ियों के कौशल उन्नयन के लिए खेल मैदान में सभी तरह के सामाजिक, पारिवारिक आयोजनो पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। पार्षदों ने इस बात पर नारजगी जाहिर किया कि बच्चो के खेलने के लिए एक ही मैदान है जहां बिना अनुमति के लोग सामाजिक सम्मेलन एवं पारिवारिक आयोजन कर रहे हैं। बिना अनुमति के मैदान की खुदाई कर छोड़ने एवं कचरा छोड देने से खिलाडियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खिलाड़ियों की मांग पर नगर पंचायत ने कार्यक्रमों के आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया है। सामान्य सभा ने निर्णय लिया है कि मैदान का उपयोग शासकीय कार्य के लिए ही किया जाएगा जिसकी अनुमति कलेक्टर के निर्देष पर दिया जाएगा। निजी व्यक्ति या संस्था मैदान का उपयोग करना चाहे तो उसके लिए एक लाख शुल्क अदा करने पर उपयोग की अनुमति दी जाएगी।



#### सब्जी पसरा शिफ्ट करने का निर्णय

सोसायटी एवं प्राथमिक शाला के सामने लगने वाले सब्जी पसरा को साप्ताहिक बाजार में शिफ्ट करने का निर्णय लिया है। मेन रोड पर सब्जी पसरा लगने से ट्राफिक व्यवस्था बिगड गई है। बस स्टैंड के शापिंग कांप्लेक्स से डॉ आम्बेडकर चौक और गुप्ता चौक तक जाम की स्थिति रहती है।

---

### समिति और प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

# नर्मदा माघ मेला महोत्सव 30 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नर्मदा में अगामी माघ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मेला महोत्सव को लेकर सोमवार को विशेष बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मेला के स्वरूप, आयोजन स्थल, दर्शनार्थियों की सुविधा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, यातायात व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक में अनुविभागिय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, मंदिर समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में प्रशासन के सहयोग से मेला महोत्सव को भव्यता बनाने का निर्णय लिया गया। क्षेत्र के लोगों की आस्था को ध्यान में रखकर श्रद्धालुओ को नर्मदा कुण्ड में स्नान एवं माता रानी का दर्शन करने पर्याप्त व्यवस्था करना तय किया गया। वही प्राचीन मेला का स्वरूप में आकर्षकता लाने की बात कही गई। तीन दिवसीय मेला महोत्सव में राज्य के ख्याति प्राप्त कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगें।



#### मेला महोत्सव 2 फरवरी तक

चकनार पंचायत स्थित नर्मदा का पुन्नी मेला काफी प्राचीन है। लोगों की आस्था को ध्यान में रखकर बीते डेढ़ दशक से यह पुन्नी मेला पर्यटन विभाग एवं प्रशासन के सहयोग से महोत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस बार यह मेला महोत्सव 30 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। जिसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है।

#### प्रतिमाओं का ऐतिहासिक महत्व

इस धार्मिक स्थल के ऐतिहासिक महत्व के चलते क्षेत्र के लोग नर्मदा मैय्या पर गहरी आस्था रखते हैं। यहां नर्मदा उद्गम की प्राचीन कथा है जो इसके महत्व को बढ़ा देती है। बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण ग्यारहवीं शताब्दी में नागवंशी राजाओं ने कराया था। मंदिर में विष्णु, शिव, गणेश, हनुमान आदि की पाषाण निर्मित प्राचीन प्रतिमाएं हैं। मंदिर का प्रवेश द्वारा की नक्काशी लोगों को अचरज में डाल देती है।

---

# गेंद और बल्लेबाजी में अर्शवीर ने मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



बीसीसीआई की अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में अर्शवीर सिंह भाटिया ने छत्तीसगढ़ प्रदेश क्रिकेट संघ की टीम से खेलते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। ग्वालियर और बड़ौदा में खेले गए टूर्नामेंट में उन्होंने गेंद और बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया। ज्ञातव्य है कि पहली बार छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीम ने अपने पुल लीग मैचों में दूसरा स्थान प्राप्त कर नाक राउंड में प्रवेश किया था। टीम के अर्शवीर ने 6 मैचों में 27 विकेट लेकर अपनी गेंदबाजी का दम दिखाया। एक लेफ्ट आर्म चाइनामैन स्पिनर के रूप में उनकी सटीक लाइन-लेंथ और वैरिएशन ने विरोधी बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। गेंदबाजी के क्रम में उन्होंने पूरे हिंदुस्तान में टॉप 10 में रहकर अपना स्थान बनाया। बल्लेबाजी में भी उन्होंने निचले क्रम में उतरकर 73, 47, 37 और 29 रन की पारियाँ खेलीं, जिससे टीम को मजबूत साझेदारियाँ मिलीं। ऑलराउंड प्रदर्शन के आधार पर अर्शवीर सिंह भाटिया को आने वाले समय में नेशनल क्रिकेट अकादमी के कैंप के लिए चयन का अवसर मिल सकता है।

#### उपेन्द्र का भी उम्दा प्रदर्शन

अर्शवीर भाटिया अब अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर 19 में 12 जनवरी से दल्ली राजहरा में होने वाले मैच में राजनांदगांव जिले की ओर से बिलासपुर के खिलाफ खेलेंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीम में राजनांदगांव के एक अन्य खिलाड़ी उपेंद्र मरकाम ने भी अच्छा प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं में अपनी छाप छोड़ी है।

## खबर संक्षेप

### किसान के कोठार से 6 बोरी धान पार

**गंडई पंडरिया।** ग्राम कालेगोंदी में चोरी की वारदात सामने आई है। एक किसान के कोठार से अज्ञात चोरों ने धान की 6 बोरियां पार कर दीं है। पीड़ित किसान भगत सिंह राजपूत ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी है। किसान भगत सिंह ने बताया कि उन्होंने हाल ही में महामाया धान की मिसाई पूरी की थी। कुल 250 बोरी धान अपने घर से लगे कोठार में रखा था। गत 8 जनवरी की रात करीब 10 बजे तक सब कुछ सुरक्षित था, जिसके बाद किसान खाना खाकर घर के अंदर सोने चले गया। अगले दिन 9 जनवरी को सुबह 5 बजे किसान की बहू आरती बाई कोठार गईं तो उसे धान की कुछ बोरियां कम दिखीं। गिनती करने पर पता चला कि 6 बोरी महामाया धान गायब है। चोरी गए धान की कीमत लगभग 7 हजार है। हैरानी की बात यह है कि चोरी के दौरान धान की बोरियों से अनाज गिरता हुआ पड़ोसी के कोठार की दिशा में दिखाई दिया जिससे स्पष्ट है कि चोरों ने उसी रास्ते से माल पार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### फर्जी दिव्यांग पत्र के जरिए नौकरी, निलंबित

**राजनांदगांव।** प्राथमिक शाला घोरदा के सहायक शिक्षक विकास लाटा को निलंबित कर दिया गया है। बीते दिनों उनके खिलाफ दिव्यांग जनों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन करते हुए शिक्षक विकास लाटा पर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने का आरोप लगाया था। दिव्यांगजनों ने उन्हें बर्खास्त करने की मांग की थी। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि विकास लाटा, सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला घोरदा, विकासखंड डोंगरगांव जिला राजनांदगांव के विरुद्ध फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर दिव्यांगों के लिये आरक्षित पद विरूद्ध शासकीय सेवा में कार्यरत होने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संबंध में जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जारी पत्रों का शिक्षक विकास लाटा द्वारा पालन नहीं किया गया। जिसे उच्च कार्यालय के आदेशों की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता के चलते छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत पाये जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ किया गया है।

## आदिवासी छात्रों के साथ हैवानियत की पराकाष्ठा पार

# छात्रों के साथ अमानवीय बर्ताव आधी रात अफसरों ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी में संचालित केंद्रीय एकलव्य आवासीय विद्यालय में अध्यनरत नाबालिक आदिवासी छात्रों को हीन भावना से देखे जाने और हैवानियत की पराकाष्ठा पार करने का मामला उजागर हुआ है। एकलव्य आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत नाबालिक छात्रा के खुदकुशी करने के प्रयास का मामला हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद सोमवार रात 9 बजे अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, डिप्टी कलेक्टर शुभांगिनी गुप्ता, अंबागढ़ चौकी तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, आरआई तामेश्वरी इस्दा की टीम सहायक आयुक्त संजय कुर्रे को लेकर एकलव्य परिसर में दाखिल हुए जहां पर छात्रों को दुर्दांत तरीके से मारपीट किये जाने के साथ साथ कई तरह से प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है।

मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय विद्यालय एकलव्य आवासीय विद्यालय मानपुर मोहला में भवन के अभाव के चलते अंबागढ़ चौकी नगर में संचालित है। यहां संयुक्त रूप से छठवीं से 12वीं तक 210 मानपुर व 180 मोहला के छात्र अध्यनरत हैं। इसी तरह मानपुर विकासखंड के 210 छात्रा मोहला के 180 आदिवासी प्रतिभागी छात्र अध्यरत है। आदिवासी छात्र-छात्राओं के लिए स्थापित अति संवेदनशील संस्था केंद्रीय आवासीय विद्यालय एकलव्य के चार दीवारी के भीतर विगत कई दिनों से छात्रों के साथ अमानवीय घटना घटित होने के साथ साथ मासूम छात्रों को हिन भावना से देखे जाने की बात सामने आ रही थी। इसी बीच मोहला थाना क्षेत्र की आदिवासी नाबालिक छात्रा ने बीते दिन स्कूल अवधि में खुदकुशी का प्रयास किया, जिसके बाद एकलव्य आवासीय स्कूल की व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, अध्यापन को लेकर बेहद गंभीर मामले सामने आ रहे हैं।




### बच्चों से जानवरों की तरह होता है सलूक

एक नाबालिग छात्रा के खुदकुशी करने के प्रयास करने का मामला सामने आने के बाद कलेक्टर तूलिका प्रजापति के निर्देशन में सोमवार रात 9 बजे के लगभग अचानक अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, डिप्टी कलेक्टर शुभांगी गुप्ता, एसडीएम हेमेंद्र भूआर्य, अंबागढ़ चौकी तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, आरआई तामेश्वरी इस्दा की टीम आवासीय केंद्रीय विद्यालय एकलव्य में दाखिल हुए जहां छात्रों ने सामूहिक रूप से उनके ऊपर हो रहे लगातार अवमानवीय बर्ताव के संबंध में एक-एक करके बताया गया। छात्रों का बयान सुनकर अधिकारियों के होश उड़ गए कि मासूम पढ़ाई के नाम पर किस तरह से यहां लगातार प्रताड़ित हो रहे हैं।

### खुदकुशी के प्रयास मामले को दबाया जा रहा है

जानकारी मिली है की नाबालिग छात्रा के द्वारा आत्महत्या करने का प्रयास किया गया। इसके बाद उसे वापस हॉस्टल में रखकर पढ़ाने के बजाय घर भेज दिया गया है, वहीं छात्रा और परिजनों से हॉस्टल में शिक्षकों ने अपने पक्ष में बेहद संगीन रूप से बयान दर्ज कर हस्ताक्षर लिया है। छात्र के द्वारा खुदकुशी करने का प्रयास का मामला बेहद संगीन है। सहायक आयुक्त कार्यालय और यहां पदस्थ शिक्षक मामले को दबाने के चक्कर में दूसरा एंगल दे रहे हैं।

### निर्वस्त्र कर पिटाई

बीते माह एकलव्य आवासीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों के द्वारा छात्रों को छोटे-मोटी गलतियों पर कहर बरपाया जाने कि लिखित शिकायत मासूम आदिवासी छात्रों ने प्राचार्य, हॉस्टल वार्डन और सहायक आयुक्त से लिखित में की। अपना दर्द बयां करते हुए छात्रों ने पत्र में लिखा था कि यहां पदस्थ शिक्षक उन्हें नंगा करके क्रिकेट के स्टंप के टूटते तक मारते हैं। मामले में सबका कथन लेते हुए सहायक आयुक्त संजय कुर्रे ने मामले को ही पूरे तरीके से पलटते हुए दबा दिया।

### जांच रिपोर्ट तैयार

लंबे समय से बच्चों को प्रताड़ित करने के साथ साथ मारपीट आदि शिकायत की पुष्टि हुई है। बच्चों के बयान के बाद आगे की कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

**- हेमेंद्र भूआर्य,** एसडीएम मोहला

## जिपं के मैकाल सदन में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला पंचायत के सभा कक्ष मैकाल सदन में सीईओ प्रेम कुमार पटेल की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जल शक्ति अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की विस्तार से समीक्षा की गई।

प्रभारी परियोजना अधिकारी प्रकाशचंद्र तारम, सहायक मनरेगा प्रेमचंद देवांगन, आरईएस एसडीओ मनीष साहूसहित सभी तकनीकी सहायक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के डीपीएम, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के डीपीएम और बीपीएम की उपस्थिति मे आयोजित बैठक मे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति को लेकर चर्चा हुई। वित्तीय वर्ष 24-25 में 18 हजार 83 आवासों का लक्ष्य मिला जिसके विरुद्ध 16 हजार 253 स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 14, हजार 839 के लिए प्रथम, 10 हजार 561 के लिए द्वितीय और 5 हजार 409 आवास के तृतीय किश्त जारी हो गई है। अब तक 9 हजार 114 आवास पूरा और 5 हजार 725 आवास अधूरा हैं। एक हजार 721 प्रथम किश्त मिलने के बाद भी अप्रारंभ हैं जबकि 4 हजार 4 आवास प्रगतिरत हैं। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 25-26 में जिले को 4 हजार 838 आवास का लक्ष्य मिला है जिसके विरुद्ध 4 हजार 214 स्वीकृत किए गए।

### माह भर में लक्ष्य पूरा करने निर्देश

मनरेगा के तहत लक्षित मानव दिवस की प्राप्ति को लेकर सभी कार्यक्रम अधिकारियों व तकनीकी सहायकों को आगामी एक माह में लक्ष्य पूरा कराने का निर्देश दिया गया। युक्तधारा पोर्टल में शत प्रतिशत पंचायतों का प्लान अपलोड करने, सभी मनरेगा श्रमिकों का ई केवाईसी एक सप्ताह में पूरा करने और जिन ग्राम पंचायतों में कार्य प्रगति न्यूनतम है वहां के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायकों को जनपद-जिला पंचायत में बुलाकर समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत प्रति ब्लाक प्रतिदिन 20 हजार मानव दिवस का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तकनीकी सहायकों को अपने प्रभार क्षेत्र में मानव दिवस बढ़ाने और अधिक से अधिक श्रमिकों को रोजगार से जोडऩे का निर्देश दिया गया। जिले के 221 ग्राम पंचायतों में से कम से कम 180 पंचायतों में डबरी निर्माण कार्य और शेष 41 घाट-ऊपरी पंचायतों में जल परकोलेशन या कुआं निर्माण को प्राथमिकता देने कहा गया।

## बैराज में डूबे युवक का शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

खातूटोला बैराज में डूबे सेंनडोंगर के युवक का शव बरामद हो गया है। ग्राम पंचायत झिंझारी निवासी सोमनाथ ढीमर पिता मनराखन ढीमर गत दिनों खातूटोला बैराज में अपने पिता के साथ मछली मारने ट्यूब के सहारे नहर में घुसा था। कुछ देर टयूब दिखा, युवक लापता था।



घटना की जानकारी गाँव मे बताया। सोमनाथ के नहर से लापता होने की सूचना चिचोला थाना को कुछ ग्रामीणों और सरपंच ने दी। थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर युवक की तलाश के लिए गोताखोर बुलाया। बीते शनिवार और रविवार को गोताखोर द्वारा लगातार लापता युवक की खोज करते रहे किन्तु उसका कुछ पता नहीं चला। सोमवार को दुर्ग एसडीआरएफ की टीम बुलाया गया। लगातार खोजबीन के बाद कुछ नहीं मिला। मंगलवार को सुबह 7 से 8 बजे के बीच ग्रामीणों ने चिचोला थाना प्रभारी को जानकारी दिया कि नहर में युवक का शव तैर रहा है। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए डोंगरगढ़ भेजा। युवक का शव पूरी तरह अकड़ गया था। मछलियों ने शरीर को नोच दिया था। युवक की मौत से गांव में मातम छा गया है। जानकारी के अनुसार 2 साल पहले उसके बड़े भाई की मौत हो गई थी।

## शाकंभरी जयंती में शामिल हुए विक्रांत



**सड़क अतरिया।** ग्राम मानपुर पहाड़ी में मंगलवार को मां शाकंभरी जयंती उल्लास से मनाया गया। वही राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने मां शाकम्भरी की पूजा अर्चना की तथा सावित्री बाई फूले के संघर्ष एवं त्याग भरे जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, भीखू हिरवानी, खेलन वर्मा, बालकिशन जंघेल, सुरेश पटेल, रामप्रसाद मेरावी, युवराज पटेल, कुमार पाल, आकाश जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# एनएसओ में भाईयों ने हासिल की तीसरा और 26वां इंटरनेशनल रैंक

## राजनांदगांव के दो नन्हें बच्चो का कमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, यह बात राजनांदगांव के दो होनहार छात्र भाइयों ने साबित कर दी है। नेशनल साइंस ओलंपियाड (एनएसओ) जैसी प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एनबीआईएस बोरी स्कूल के कक्षा 3 के छात्र आदिशिव मोदी ने इंटरनेशनल रैंक 3, वहीं उनके छोटे भाई आंजनेय मोदी ने इंटरनेशनल रैंक 26 हासिल कर जिले, स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि न सिर्फ शहर के लिए गर्व का विषय है, बल्कि आने वाली पीढ़ी के छात्रों के लिए प्रेरणा भी बन गई है।

एनएसओ यानी नेशनल साइंस ओलंपियाड का आयोजन हर वर्ष नेशनल साइंस ओलंपियाड द्वारा भारत सहित विश्वभर में किया जाता है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की वैज्ञानिक समझ, तार्किक क्षमता और समस्या समाधान कौशल को विकसित करना होता है। कक्षा 1 से 12 तक के लाखों छात्र इसमें भाग लेते हैं। परीक्षा दो स्तरों में आयोजित होती है और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक, प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।



### दोनों भाई एनएसओ लेवल-2 परीक्षा के लिए चयनित

कक्षा 3 के विद्यार्थी आदिशिव मोदी ने एनएसओ लेवल-1 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि उनके भाई आंजनेय मोदी ने 26वीं अंतरराष्ट्रीय रैंक हासिल की। दोनों विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही दोनों भाई एनएसओ लेवल-2 परीक्षा के लिए भी चयनित हुए हैं।

### दोनों छात्रों के माता-पिता प्रसन्न

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि, यह सफलता छात्रों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। एनबीआईएस स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी एवं प्रिंसिपल एकता गांधी के मार्गदर्शन में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिला, जिससे यह उपलब्धि संभव हो सकी। वहीं दोनों छात्रों के माता-पिता डॉ. अमित मोदी और डॉ. विधि मोदी ने बच्चों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## महापौर ने किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव द्वारा वार्ड निरीक्षण की कडी में लखोली क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 35 एवं 36 का निरीक्षण कर वार्डवासियों से मुलाकात कर पानी सफाई के संबंध में चर्चा किए और वार्ड में व्यवस्था सुदृढ़ करने तकनीकी एवं स्वास्थय अधिकारी को निर्देशित किए।



आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, शैकी बग्गा व डीलेश्वर साहू एवं पार्षद चंद्रिका साहू, पार्षद प्रतिनिधि नादान सेन निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव ने कहा कि ग्रामीण वार्ड को ध्यान में रखकर समुचित साफ सफाई रखे। मौसमी बीमारी के रोकथाम के लिए सघन बस्ती में साफ सफाई एवं पानी निकासी की व्यवस्था करें तथा नाली नालों की सफाई कराएं। उन्होंने वार्डवासियों से भी चर्चा कर कहा कि अपने घर के आस पास साफ सफाई रखे, कचरा स्वच्छता दीदीयों को ही दें, नाली या अन्यत्र स्थान में कचरा न डाले। उन्होंने वार्ड नं. 35 में शीतला तालाब में जलकुंभी की सफाई कराने की मांग पर अधिकारियों से जलकुंभी सफाई कराने निर्देशित किए। साथ ही शीतला मंदिर के आसत-पास सफाई रखने तथा कचरा तालाब में न डालने लोगों को समझाइश देने स्वास्थ्य अमला से कहा।

## फुले और फातिमा की जयंती मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

महिला सशक्तिकरण संघ ने शौर्य दिवस, प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले और मुस्लिम समुदाय की प्रथम महिला शिक्षिका फातिमा शेख की जयंती धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आयोजन संरक्षक नलिनी मेश्राम के निवास में किया गया।



सर्वप्रथम चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। त्रिशरण पंचशील लिया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष पदमा मेश्राम ने संविधान प्रस्तावना का वाचन किया। मुख्य अतिथि संघ की प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध ने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने महिला और दलितों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने 1848 में बालिकाओं का पहला स्कूल खोला और उन्हें शिक्षा दी। उन्होंने महिला अधिकारों, विधवाओं के पुनर्विवाह के लिए संघर्ष किया। प्रदेश अध्यक्ष ने फातिमा शेख की जीवन संघर्ष के बारे बताया। विशेष अतिथि नंदा मेश्राम ने बताया कि सावित्रीबाई की विरासत आज भी प्रेरणा स्त्रोत है। उन्हें समाज सुधार के रूप में जाना जाता है। जिला अध्यक्ष बुद्ध मित्रा वासनिक ने श्रीमती फुले को कवित्री बताया। संघ की महिलाओं ने गीत, कविता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। संचालन ममता भोयर एवं आभार प्रदर्शन राधिका जंघेल ने किया। इस अवसर पर सीमा सहारे, उर्मिला हुमने, उर्मिला मेश्राम, अरुणा गजभिए, अनिता मेश्राम, पूजा मेश्राम, सरिता गजभिए, उजाला, माया भास्कर, मुन्नी, जूली टेम्बुकर, अनुपमा लांडगे, अश्विनी जंघेल, रेणुका वर्मा, रेखा, सुनंदा डोंगरे, जाई सेंडे उपस्थित थे।

## आज शाम नहीं होगी पेयजल आपूर्ति

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत टांका घर नया टंकी (क्षमता 40.00 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है, जिसके कारण उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पायेगा। इस वजह से टांका घर नया टंकी से कल 14 जनवरी को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि टांकाघर नया टंकी सप्लाई क्षेत्र रायपुर नाका, रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन, गुड़ाखू लाईन, जूनी हटरी, जय स्तम्भ रोड, कलारपारा, सिनेमा लाईन, गोलबाजार, पुराना अस्पताल रोड, सदर लाईन आधा क्षेत्र, गंज लाईन, आरामशीन रोड, स्टेट बैंक कालोनी, पी.एच.ई. कार्यालय, टांका घर, नेहरू नगर, जमात पारा, आजाद चौक, पुराना बस स्टैण्ड, कैलाश नगर, मठपारा में कल 14 जनवरी बुधवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। 15 जनवरी को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी।

## युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली ताकत

**खैरागढ़।** रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जितेंद्र कुमार साखरे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा दिवस के पर युवाओं को प्रेरित करने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देने स्वामी विवेकानंद के विचारों से युवाओं को अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक क्रीडा अधिकारी कन्हैया पटेल ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है और सकारात्मक सोच, शिक्षा व कौशल विकास के माध्यम से युवा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। रेड रिबन क्लब प्रभारी और राजनीतिशास्त्र



विभागाध्यक्ष सुरेश कुमार आडवाणी ने युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों, नैतिक मूल्यों और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। विशिष्ट अतिथि शीतांशु गुप्ता फुटबॉल कोच ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि जागरूक और चरित्रवान युवा ही देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। आज के युवाओं को उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में निबंध, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त सहित शामिल प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार व प्रतीक चिंह भेंटकर से सम्मानित किया गया। अंत में युवाओं से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने की अपील की गई। इस दौरान डॉ उमेंद चंदेल, डॉ परमेश्वरी कुंभज टांडिया, कुलदीप राडेकर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। संचालन डॉ उमेंद कुमार चंदेल और आभार प्रदर्शन सुरेश कुमार आडवाणी ने किया।

**बरगाही में मंडई आज**

**राजनांदगांव।** ग्राम बरगाही में 14 जनवरी को मंडई का कार्यक्रम व दूसरे दिन 15 जनवरी को छत्तीसगढी नाचा दुर्रे बंजारी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

**तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**॥ ईश्तहार ॥**

रा.मा.क्र./....... /ब-121/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती दुर्गारानी साहू आ. स्व. संजय साहू निवासी शहर/ग्राम फरहद सोमनी प.ह.नं. .... तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने अन्य त्रिनभ साहू आ. ईश्वर लाल साहू मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कियें जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 27.01.2026 तक लिखित में स्वयं/ अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 12.01.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांकः- 12.01.2026

सुनवाई दिनांकः- 27.01.2026

मुहर

कार्यपालिक दंडाधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)







जापान एवं भारत की नं. 1 चैन कुबोटा हार्वेस्टर गीली एवं पानी युक्त भूमि के लिए
मकर संक्रांति की समस्त किसान भाईयों को हार्दिक बधाई
एक बार खरीदे, लेकिन ब्रांडेड खरीदें
ये सिर्फ हार्वेस्टर नहीं, ये है प्रीमियम हार्वेस्टर
कुबोटा
आज ही बुकिंग कराएं और तत्काल अपना व्यापार शुरू करें
प्रतिदिन कमाए 60,000/- से 70,000/- रुपए
जापानी तकनीक
e-CDIS ईंधन की कम खपत के लिए :- ईको सेंट्रल डायरेक्ट इंजेक्शन तकनीक
4 वाल्व तकनीक बेहतर ज्वलन और अधिक पावर के लिए
बैलेंसर शाफ्ट कम कंपन और कम शोर
सिंक्रोमेश गियर 12 फॉरवर्ड 4 रिवर्स
एक बार खरीदो रिप्लेसमेंट शब्द भूल जाओ
वर्ल्ड क्लास टेक्नोलॉजी
प्रीमियम ट्रैक्टर कुबोटा
जीरो वायब्रेशन ट्रैक्टर
फोर वॉल टेक्नोलॉजी
बेवल गियर टेक्नोलॉजी
5 ईयर सुपर वारंटी
सबसे कम डीजल खपत
किसी भी कंपनी का ट्रैक्टर लेने से पहले एक बार चलाकर देखें और फर्क जाने..
*नियम एवं शर्तें लागू
बुकिंग करने डायरेक्ट शोरुम आने पर विशेष छूट
RICE PLANTER
अब एक ही छत के नीचे समस्त कृषि उपकरण
बघेल ट्रैक्टर्स
एन.एच.06. नागपुर हाईवे रोड बनभेड़ी, राजनांदगांव (छ.ग.)
संपर्क करें : 8643000281, 9753893377, सर्विस एवं स्पेयर : 7067137966

हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026



## खबर संक्षेप

### शुभम केशरी सह कोषाध्यक्ष नियुक्त



**कवर्धा।** भाजपा कवर्धा में संगठनात्मक विस्तार के तहत शुभम केशरी को जिला सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। संगठन नेतृत्व ने उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव अनुशासित कार्यशैली और युवाओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष है।

# मिलीभगत:वन विभाग की नाक के नीचे धड़ल्ले से किया जा रहा है रेत का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेंगाखार

कवर्धा जिले के जंगलों में लगातार अवैध रेत उत्खनन और वन संपदा की लूट जारी है। वन नदियों का अंधाधुंध शिकार हो रहा है, जिससे जंगल तेजी से सिमटते जा रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि सरकार और हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेशों के बावजूद वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उन्हें नजरअंदाज कर रहे हैं और स्वयं जंगलों को बर्बाद करने में संलिप्त नजर आ रहे हैं। विशेष रूप से वन परिक्षेत्र रेंगाखार में स्थिति अत्यंत गंभीर है। यहां रेत माफिया और वन विभाग की कथित मिलीभगत से जंगलों को पूरी तरह तहस-नहस किया जा रहा है। यह वही क्षेत्र है जो पहले भी वन भूमि पर अतिक्रमण कर खेती बनाने के मामलों में जिले में अव्वल रहा है, और अब यहां से नदियों को समाप्त करने की तैयारी की जा रही है। प्रतिदिन सैकड़ों ट्रिप अवैध रेत थाना, तहसील और वन कार्यालय के सामने से बेधड़क होकर मुख्य सड़कों से होते हुए अन्य जिलों और मध्य प्रदेश तक पहुंचाई जा रही है।

बरसात के बाद कुछ रेत माफियाओं और नेताओं द्वारा यह माहौल बनाया गया कि स्थानीय लोगों को आवास योजना के नाम पर रेत दी जाएगी। इसी बहाने राजनीतिक दबाव बनाकर 10-15 गाड़ियों को छूट देने की बात कही गई, लेकिन इसका दुरुपयोग करते हुए हजारों ट्रिप रेत सालेवारा और मध्य प्रदेश भेज दी गई। देखते ही देखते सैकड़ों ट्रैक्टर इस अवैध धंधे में शामिल हो गए और जंगलों के भीतर नए रास्ते बन गए।

### कक्ष क्रमांक 138 रिजर्व फॉरेस्ट में भी रेत खनन

वन विभाग की निष्क्रियता से परेशान होकर वन समिति के अध्यक्ष युगल किशोर कुंभकार ने साथियों के साथ कक्ष क्रमांक 138 रिजर्व फॉरेस्ट से दो रेत से भरे ट्रैक्टर पकड़कर वन कार्यालय में सौंपे और कार्रवाई की मांग की। यह घटना दर्शाती है कि अवैध रेत उत्खनन को लेकर क्षेत्र में जन आक्रोश किस स्तर पर पहुंच चुका है।



### क्षेत्र के ग्रामीण भारी परेशान

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद वन विभाग आंख मूंदे हुए है, जिससे अधिकारियों की मिलीभगत साफ झलकती है। तेज रफ्तार ट्रैक्टरों की आवाज और दिन-रात आवाजाही से सड़क किनारे बसे ग्रामीण भी भय और परेशानी में हैं। यदि शीघ्र सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो रेंगाखार क्षेत्र की नदियां और जंगल पूरी तरह नष्ट हो जाएंगे।

### शासन-प्रशासन भी बना मूक दर्शक

सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य हांसिल करने और योजना को अमलीजामा पहनाने मानो शासन-प्रशासन ने जिले के जिले के जंगलों की बलि देने का मन बना लिया है। संभवतः यही वजह है कि शासन-प्रशासन भी जिले के जंगलों में चल रहे इस अवैध रेत खनन पर मूक दर्शक बने सिर्फ तमासबीन की भूमिका निभा रहा है।

**आरोप:** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में 1500 से 3000 तक की उगाही का सनसनीखेज आरोप

# सरकार की मुफ्त नसबंदी योजना बनी अवैध वसूली का जरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

शासन की मुफ्त महिला नसबंदी योजना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में कथित तौर पर कमाई का जरिया बनती नजर आ रही है। ऑपरेशन के नाम पर महिलाओं से खुलेआम पैसे वसूले जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं, जिससे पूरे स्वास्थ्य विभाग की साख पर सवाल खड़े हो गए हैं।

भंडार ग्राम की पीड़ित महिला ने बताया कि नसबंदी ऑपरेशन के लिए 1500 रुपए लिए गए। मेरे द्वारा मितानिन को अस्पताल में पैसा दिया गया महिला के अनुसार, मितानिन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अस्पताल में स्टाफ नर्स गिरजा भास्कर पैसे मांग रही है और कहा जा रहा है कि पैसे नहीं दिए तो ऑपरेशन भी नहीं होगा। मजबूरी ऐसी कि सुबह से बैठी महिलाओं का नंबर नहीं आया, लेकिन जो महिलाएं बाद में आईं उनका ऑपरेशन पहले हो गया। जैसे ही पैसे देने की सहमति बनी, तुरंत नंबर आया और ऑपरेशन कर दिया गया। इतना ही नही बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक ओड़िसा की महिला का नसबंदी होने का भी आरोप आया सामने आया है। एक अन्य महिला ने आरोप लगाया कि उससे 400 रुपए यह कहकर लिए गए कि बहुत मुश्किल से डिलीवरी कराई है, मैं नहीं रहती तो कवर्धा ले जाना पड़ता।

सवाल यह है कि जब सरकारी सेवा मुफ्त है, तो यह रकम किस बात की? इस घटना की जानकारी जब स्वास्थ्य विभाग के खण्ड चिकित्सा अधिकारी को हुई तो उन्होंने मामले की पूरी जाँच कराने की बात कही और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की बात कही।

### लोगों ने रखी जांच की मांग

हालांकि इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी, लेकिन इतना तय है कि शासन की जनकल्याणकारी और मुफ्त स्वास्थ्य योजनाओं में यदि इस तरह की रिश्वतखोरी हुई है, तो यह गरीब और मजबूर महिलाओं के साथ सीधा अन्याय है।अब देखने वाली बात यह होगी कि स्वास्थ्य विभाग क्या कार्रवाई करता है? क्या दोषियों पर सख्त कदम उठेंगे या मामला दबा दिया जाएगा?




### बाहरी राज्यों से आई महिलाएं भी टारगेट

जांच-पड़ताल में और भी चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। मितानिन के अनुसार दिसंबर 2025 को हुए ऑपरेशनों में ओडिसा से आए लोगों का भी नसबंदी ऑपरेशन किया गया। यही नहीं, मध्यप्रदेश से आई महिलाओं से 3 हजार रुपए तक लेने के आरोप भी सामने आए हैं।

### सब सेट हो जाएगा, खुलेआम सौदेबाजी

मितानिन ने यह भी बताया कि नर्स द्वारा यह भरोसा दिलाया गया कि पैसे दो, सब सेट कर लेंगे, ऑपरेशन हो जाएगा। यह कथन यदि सही पाया जाता है, तो यह केवल रिश्वत नहीं बल्कि व्यवस्थित लूट का संकेत देता है। सूत्रों के अनुसार जिस स्टाफ नर्स पर आरोप है, उनकी मूल पदस्थापना बैरख उप स्वास्थ्य केन्द्र में बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी तरह के रवैये के चलते पहले भी शिकायत कर उन्हें गांव से हटवाया गया था लेकिन आदत अब भी नहीं बदली।

# भारतीय किसान संघ 16 को घेरेगा जिला कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के किसानो की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर मंगलवार को ग्राम लखनपुर में भारतीय किसान संघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में संघ पदाधिकारियों ने किसानो की समस्याओं व मांगों से संबंधित विस्तृत चर्चा की। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्य रूप किसानों को समितियों में समर्थन मूल्य में धान बेचन में अभी भी कई प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके संबंध में बार-बार प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराए जाने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है और समस्याएं जस की तस बनी हुई है। इसी प्रकार पर जिले के प्रायः सभी धान खरीदी केन्द्रों में आवक के अनुपात में धान का उठाव नहीं किया जा रहा है जिसके कारण इन केन्द्रों में धान रखने की जगह तक नहीं रह गई है और किसानो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि जिले के किसानो द्वारा रबि फसल की बुआई की जा चुकी है और अब किसानो को खाद की जरूरत है लेकिन अधिकांश सोसायटियों में खाद ही नहीं है। इन तमाम समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने बैठक में ऐलान किया है कि 16 जनवरी शुक्रवार को भारतीय किसान संघ द्वारा किसानों को धान बेंचने में आ रही विभिन्न समस्यायों को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जायेगा। संघ ने आव्हान किया है कि सभी किसान ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने समस्याओं के समाधान के लिए 16 जनवरी को कवर्धा पहुंचे।



### रैली निकालकर किया जाएगा घेराव

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 16 जनवरी को जिले के सभी किसान बलराम भवन कवर्धा में एकत्र होंगे। जहां से दोपहर 2.00 बजे किसानो की विशाल रैली निकालकर जिला कार्यालय कूच किया जाएगा और कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव कर किसान अपनी मांगों व समस्याओं से संबंधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपेंगे।

## स्कूली बच्चों ने आनंद मेले की कमाई से की मानवता की सेवा का संकल्प पूरा



**कवर्धा।** आज के भौतिकवादी युग में जहां किशोर पीढ़ी मोबाइल और तकनीक की दुनिया में खोई रहती है, वहीं कवर्धा के अशोका पब्लिक स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने परोपकार की एक अनूठी मिसाल पेश की है। विद्यालय के छात्र कुंजल राणा कक्षा 10 वीं, नववीर प्रताप राणा एवं नवतेज प्रताप राणा कक्षा कक्षा 3 ने अपने स्वर्गीय दादा डॉ. टीआर राणा के सेवाभावी आदर्शों पर चलते हुए अपनी मेहनत की कमाई को जरूरतमंदों के नाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, इन तीनों भाई-बहनों ने अपनी दादी श्रीमती बसंती राणा से अपने स्वर्गीय दादा द्वारा किए गए जनहित के कार्यों की कहानियां सुनी थीं। इसी प्रेरणा के वशीभूत होकर उन्होंने निर्णय लिया कि वे विद्यालय के वार्षिक उत्सव व आनंद मेला में अपने स्टॉल से होने वाली आय को व्यक्तिगत उपयोग में लाने के बजाय समाज सेवा में लगाएंगे। गत 24 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम के बाद, बच्चों ने अपनी स्टॉल की कमाई से ग्रामीण क्षेत्र के निर्धन बच्चों को कॉपी और पेन का वितरण करेंगे। जिला अस्पताल कवर्धा में भर्ती मरीजों को उनकी आवश्यकता अनुसार राहत सामग्री प्रदान करेंगे। इस नेक पहल की गूंज विद्यालय परिसर से बाहर तक पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. अजय कुमार मंडावी ने बच्चों की इस सोच की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और स्वयं भी इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया।

# हिंदू संगम महोत्सव का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ, शामिल हुईं पंडरिया विधायक भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बोड़ला के बांधाटोला क्षेत्र में 13 से 18 जनवरी तक आयोजित होने वाले हिंदू संगम महोत्सव का आज भव्य शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में माताएं-बहनें उत्साहपूर्वक शामिल हुईं। कलश यात्रा की विशेष शोभा तब बढ़ी जब पंडरिया विधायक भावना बोहरा स्वयं माताओं-बहनों के साथ कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। उनके साथ विश्व हिंदू परिषद की राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री प्रज्ञा माहला भी उपस्थित रहीं। यह कलश यात्रा राम जानकी मंदिर, बोड़ला से प्रारंभ होकर लगभग दो किलोमीटर का नगर भ्रमण करते हुए हिंदू संगम स्थल, बांधाटोला पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ती रहीं। विधायक भावना बोहरा ने इस अवसर पर कहा कि हिंदू संगम महोत्सव हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। कलश यात्रा के साथ ही हिंदू संगम महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ, जो आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में 14 जनवरी को हिंदू संगम कार्यक्रम के अंतर्गत परिवार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले पुरुषों के लिए धोती तथा महिलाओं के लिए साड़ी पहनना अनिवार्य किया गया है। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने हेतु पूर्व पंजीयन आवश्यक होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कुटुंब प्रबोधन प्रमुख रविंद्र जोशी होंगे।



## समस्याओं को लेकर टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि डीईओ से मिले



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से मुलाकात कर शिक्षकों विभिन्न स्थानीय समस्याओं का त्वरित निराकरण की मांग किया। प्रमुख मुद्दों में सीजीपीएफ पासबुक संधारण की अद्यतन स्थिति, प्राथमिक प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति, जिले के डीडीओ प्राचार्य से सेवा पुस्तिका को संबंधित स्कूल को सौंपने संबंधी पत्र को निरस्त करने, 26 जनवरी के बाद दसवीं व बारहवीं का प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित करने आदि विषयों को रखा गया। डीईओ सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निराकरण हेतु शीघ्र ही उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, लक्ष्मण मिरी, दुर्गा चन्द्रवंशी, विनोद राजपूत, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, दिलीप धुर्वे, राजकिरण चन्द्रवंशी, राजेश कौशिक, चिंताराम पटेल, हुकमी चंद धुर्वे, राजेश वर्मा, शिव धुर्वे, भूपेंद्र साहू, भानू मिश्रा, उतरा धुर्वे, लक्ष्मण झारिया, प्रकाश केशरवानी, नकुल वर्मा, रामशरण मेरावी, राजकुमार चौरिया, जलेश्वर साहू, हरसन जायसवाल, लखीराम बरिया, देवलाल साहू आदि उपस्थित थे।

युकां कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर चलाया जन सेवा कार्यक्रम

# युवा कांग्रेस ने आदिवासी क्षेत्रों में गर्म वस्त्र वितरण कर किया सेवा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा द्वारा कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए वनांचल एवं दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर गर्म कपड़ा वितरण अभियान 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर चलाया गया। जिसमें सर्वप्रथम युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत भारतीय संस्कृति को पूरे विश्व में प्रचार प्रसार करने वाले स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सहित समाज के सबसे कमजोर वर्गों को कंबल, स्वेटर, जैकेट एवं अन्य गर्म वस्त्र भोरमदेव चौरा में वितरित किए गए। यह सेवा कार्य पूरी तरह से मानवीय संवेदनाओं और नर सेवा ही नारायण सेवा की भावना से प्रेरित रहा। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि युवा कांग्रेस केवल राजनीति तक सीमित संगठन नहीं है,बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा भाव से पहुंचना उसका मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए यह अभियान प्रतिवर्ष की भांति आगे भी निरंतर जारी रहेगा,ताकि कोई भी जरूरतमंद ठंड के कारण पीड़ित न हो। श्री वर्मा ने कहा सेवा ही सच्ची राजनीति है। जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति सुरक्षित और सम्मानित नहीं होगा,तब तक हमारा दायित्व समाप्त नहीं होता। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जयचंद वर्मा ने स्वामी जी के विचारों पर प्रकाश डाला। साथ ही कार्यक्रम मे जुबी खान एवं जनपद सदस्य नेमीचंद पटेल ने आभार करते हुए समापन की घोषणा किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कवर्धा ब्लॉक उपाध्यक्ष संजय धुर्वे, शिवेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य श्याम मेश्राम, तोनम सिंह मेरावी जनपद सदस्य, नारद चंद्रवंशी, धनराज वर्मा, सूरज वर्मा, रामगोपाल वर्मा युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बोड़ला, विष्णु सिंह नेताम युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रेंगाखार, जितेंद्र लहरे, छोटूराम वर्मा, बृजेश कौशिक, लक्ष्य कुमार वर्मा, शिवा बंजारे, अजय वर्मा, गजेंद्र वर्मा, अमन वर्मा, गिरधर लहरें, राजेश जांगड़े, लुकेश वर्मा, सुशील भास्कर, डोगेंद्र सेन, बसंत जायसवाल, निलेश वर्मा, राजा झारिया, रामकिंकर वर्मा, अमित चंद्रवंशी, परस मरकाम,दद्दू मेरावी, भोला निर्मलकर, रोहित चंद्रवंशी, मदन बैगा, हिराऊ बैगा, जेठू बैगा, सागनु बैगा, शहर बैगा, मुन्ना बैगा एवं युवा कांग्रेस के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# बेटी की मौत नहीं, हत्या है, पिता का फूट पड़ा दर्द, जांच व कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

ग्राम रघुपारा निवासी रामविलास पात्रे ने अपनी बेटी की संदिग्ध मौत को लेकर ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पिता का कहना है कि यह सामान्य मौत नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। मृतिका का नाम सरोजनी बाई पति दीपसागर बंजारा, निवासी ग्राम लिमाहीपुर, विकासखंड पंडरिया बताया गया है। जानकारी के अनुसार सरोजनी बाई की शादी लगभग पांच वर्ष पूर्व दीपसागर बंजारा से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल में लगातार पारिवारिक कलह, विवाद और प्रताडन्ना का दौर चलता रहा। पीड़ित पिता रामविलास पात्रे ने बताया कि बेटी के वैवाहिक जीवन में आए तनाव को लेकर कई बार पंचायत स्तर पर सामाजिक बैठकें आयोजित की गईं। हर बार समझाईश देकर बेटी को ससुराल भेज दिया गया, इस उम्मीद के साथ कि हालात सुधर जाएंगे। लेकिन किसे पता था कि यह समझौता बेटी की जिंदगी की आखिरी विदाई बन जाएगा। बेटी की मौत की खबर मिलते ही पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पिता का कहना है कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि उनकी बेटी को इस तरह अपनी जान गंवानी पड़ेगी। परिजनों का आरोप है कि सरोजनी बाई को लंबे समय से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसकी अनदेखी अब एक बड़ी त्रासदी में बदल गई। उन्होने बताया कि उन्हें सोमवार को बेटी के ससुराल पक्ष से उसकी मौत की सूचना दी गई जो पूरी तरह से संदिग्ध है। घटना के बाद शव को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला लाया गया। जहां मंगलवार को शव का पीएम किया गया। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह स्पष्ट होने की उम्मीद जताई जा रही है। मामले को लेकर मृतिका के मायके पक्ष ने प्रशासन और पुलिस से निष्पक्ष जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट की गहन पड़ताल और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और शोक का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पारिवारिक विवादों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाता, तो शायद एक बेटी की जान बच सकती थी।

## खबर संक्षेप

### राम-वनवास की कथा सुनकर भावुक हुए श्रद्धालु



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में आयोजित पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री राम कथा के दौरान पं रसीकेश्वर दास महाराज द्वारा राम वनवास की मार्मिक कथा का सुंदर एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। कथावाचन के दौरान महाराज ने बताया कि राम वनवास की कथा रामायण का अत्यंत महत्वपूर्ण प्रसंग है। राजा दशरथ की तीसरी पत्नी कैकेयी को मिले वरदान के कारण भगवान श्रीराम को माता सीता एवं भाई लक्ष्मण के साथ 14 वर्षो के लिए वनवास जाना पड़ा। इस निर्णय से पूरी अयोध्या शोक में डूब गई थी। यह कथा मर्यादा, कर्तव्य, त्याग और धर्म की स्थापना का प्रतीक मानी जाती है। महाराज ने कहा कि कैकेयी भगवान राम और अपने पुत्र भरत दोनों से प्रेम करती थीं, फिर भी परिस्थितियों और वरदान के कारण उन्हें यह कठोर निर्णय लेना पड़ा, जिससे भरत भी अत्यंत व्यथित हुए। रामायण हिंदू धर्म का पवित्र ग्रंथ है, जो मानव जीवन को सत्य, धर्म और कर्तव्य का मार्ग दिखाता है। उक्त महायज्ञ का संचालन यज्ञाचार्य मेघानंद शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।
वहीं पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री राम कथा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शामिल होकर परिक्रमा कर रहे हैं और अपने परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। भंडारे में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक दोनों समय भोजन की व्यवस्था की जा रही है। प्रसाद के रूप में खीर, पूरी, सब्जी, दाल-भात सहित विविध व्यंजन श्रद्धालुओं को परोसे जा रहे हैं। ग्रामवासियों द्वारा हजारों श्रद्धालुओं के लिए लगातार भंडारे की व्यवस्था करना सेवा, समर्पण और धार्मिक आस्था की एक बड़ी मिसाल है। आयोजन स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

### हिंदी मुद्रलेखन कौशल परीक्षा 17 जनवरी को

**कवर्धा।** शीघ्रलेखन व मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद ने कौशल परीक्षा का शेड्यूल जारी किया है। हिंदी मुद्रलेखन गति 8000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा की मान से 17 जनवरी को बिलासपुर संभाग में चयनित तीन केन्द्रों में परीक्षा होगी।

## सौगात: ग्रापं नेवारी में विकास की नई शुरुआत, ग्रामीणों में उत्साह

# 41.65 लाख की लागत से मुख्यमंत्री गौरवपथ सड़क का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

ग्राम पंचायत नेवारी में विकास कार्य की नई शुरूआत से ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के प्रयासों से 41 लाख 65 हजार रुपए की लागत से मुख्यमंत्री गौरवपथ सीसी रोड, सह नाली निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन किया गया। यह सड़क जैतखाम से मेन रोड मरपा पहुंच मार्ग तक बनाई जाएगी, जिससे ग्रामीणों को मूलभूत बुनियादी सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद यह पहली बार है जब गांव को इतनी बड़ी विकास कार्य के लिए राशि की स्वीकृति मिली है। विशेष रूप से आदिवासी मोहल्ले में सड़क निर्माण होने से महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जिस पर महिलाओं एवं ग्रामवासियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस विकास कार्य के शुरू होने से ग्राम पंचायत नेवारी में सड़क, नाली और आवागमन की सुविधाओं में सुधार होगा तथा ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

कार्यक्रम में मोतीराम चंद्रवंशी पूर्व संसदीय सचिव, रामकुमार भट्ट पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, कैलाश चंद्रवंशी जिला पंचायत उपाध्यक्ष कवर्धा, गणेश तिवारी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा, सुमित्रा विजय पटेल जिला पंचायत सभापति, बीर सिंह पटेल अध्यक्ष, कवर्धा ग्रामीण मंडल, रोहित नाथ योगी, दिलीप साहू मंडल महामंत्री, मिथलेश बंजारे जनपद सदस्य प्रतिनिधि, बीरझु राम पटेल अध्यक्ष, सेवा सहकारिता नेवारी, दानीराम चंद्रवंशी, सेवाराम पात्रे सरपंच, ग्राम पंचायत नेवारी, जगेसर पटेल, आत्मादास मानिकपुरी, दुर्गेश श्रीवास, नागेश्वर जायसवाल, चंद्रभान सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें।

**भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोतीराम चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में भाजपा सरकार के दो वर्षो की उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक बताया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में हर गांव में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं भाजपा कवर्धा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरसिंह पटेल ने कहा कि भाजपा की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे, इसी उद्देश्य को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और राज्य सरकार लगातार काम कर रही है।

# सीएम ने सचिन कुम्हरे को युवा रत्न सम्मान से किया सम्मानित

## संगीत और नृत्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित भव्य समारोह में कबीरधाम जिले के होनहार कलाकार सचिन कुम्हरे को युवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सचिन को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदेश के मुख्यमंत्री के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। सचिन कुम्हरे को यह सम्मान संगीत एवं नृत्य कला के क्षेत्र में उनके असाधारण समर्पण और उपलब्धि के लिए दिया गया है। उन्होंने न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राज्य स्तर पर भी अपनी कला का प्रदर्शन कर कबीरधाम जिले का नाम रौशन किया है। छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को सहेजने और उसे युवा पीढ़ी तक पहुंचाने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा हर वर्ष प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह चयन किया जाता है। सचिन को मिले इस सम्मान के अंतर्गत उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और सम्मान राशि भेंट की गई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सचिन के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें निरंतर कला साधना जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि यह सम्मान मेरे संघर्षो और मेरी कला के प्रति मेरी निष्ठा का फल है, सचिन ने इसका श्रेय अपने गुरुओं, माता-पिता और कबीरधाम की जनता को दिया, जिन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया।

# कल्पना साहू ने बढ़ाया मान, दूरदर्शन रायपुर से मिला कथक नृत्य में बी-ग्रेड कलाकार का दर्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति की सुगंध अब राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान पुख्ता कर रही है। इसी कड़ी में जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम दामापुर की कल्पना साहू ने कथक नृत्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कल्पना को दूरदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा कथक नृत्य के लिए बी-ग्रेड कलाकार के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। दूरदर्शन में ग्रेडिंग प्राप्त करना किसी भी कलाकार के लिए गौरव की बात होती है। इसके लिए विशेषज्ञों के पैनल के सामने कड़े ऑडिशन और तकनीकी बारीकियों की परीक्षा देनी होती है।

कल्पना साहू ने अपनी लयबद्ध प्रस्तुति, भाव-भंगिमा और कथक के व्याकरण पर अपनी पकड़ से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। कल्पना साहू लंबे समय से कथक के क्षेत्र में सक्रिय हैं और निरंतर अभ्यास के माध्यम से अपनी कला को निखार रही हैं। ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर शास्त्रीय नृत्य के कठिन मार्ग को चुनना और उसमें यह मुकाम हासिल करना उनकी मेहनत और कला के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उन्होने कहा कि यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि उन सभी लोगों की है जिन्होंने मुझे कला के मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। दूरदर्शन से मिला यह ग्रेड मुझे और बेहतर करने की प्रेरणा देगा।

कल्पना की इस सफलता से दामापुर सहित पूरे कवर्धा जिले में हर्ष का माहौल है संगीत प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि कल्पना ने यह साबित कर दिया है कि यदि प्रतिभा और लगन हो, तो छोटे कस्बों से निकलकर भी बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। कल्पना अपने सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता श्रीमती खुशीला प्रेमलाल साहू व अपनी गुरु डॉ गुंजन तिवारी को दिया।

# छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने किया 17 जनवरी को एक दिवसीय हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने एवं टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला कबीरधाम के संगठन ने 17 जनवरी को एक दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर शिक्षकों के विभिन्न मांगो को लेकर जिला अध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा के नेतृत्व में 17 जनवरी को एक दिवसीय आंदोलन किया जाएगा। फेडरेशन ने शिक्षकों के विभिन्न मांगों व मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादा सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना, टीआईटी अनिवार्यता को समाप्त करना, वीएसके एप के माध्यम से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति की विरोध को लेकर शिक्षक संगठन फेडरेशन के आह्वान पर हड़ताल पर रहेंगे। इस एक दिवसीय आंदोलन से जिले के सभी स्कूलों के बंद रहने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। फेडरेशन जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस आंदोलन में जिले के चारों ब्लॉक के संगठन के सभी पदाधिकारी और शिक्षक शामिल रहेंगे। सभी ब्लॉक अध्यक्षों को हड़ताल स्थल तक सभी शिक्षक साथियों को लाने के लिए दायित्व सौंपा गया है। सभी ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिदिन टीम बनाकर शिक्षकों से संपर्क कर रहे है और अधिक से अधिक संख्या में हड़ताल में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे है। हजारों शिक्षकों की इस आंदोलन में शामिल रहने की उम्मीद है। इस आंदोलन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह चंद्रवंशी, लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश मिश्रा, पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह ठाकुर, बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष धरमू कुर्रे और सभी पदाधिकारी करेगें।



# बोड़तरा-खैरवार तीन किलोमीटर मुख्यमंत्री सड़क जर्जर व बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम बोडतरा से खैरवार को जोड़ने वाली मुख्यमंत्री सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। करीब 3 किलोमीटर लंबी इस मुख्य सड़क से डामर पूरी तरह उखड़ चुका है, और अब सड़क पर सिर्फ नुकीली गिट्टियां ही नजर आ रही हैं। सड़क पर डामर का नामोनिशान नहीं बचा है। हालत यह है कि आम नागरिकों को मजबूरी में गिट्टी पर चलना पड़ रहा है, जिससे पैदल चलना भी बेहद कष्टदायक हो गया है। वहीं मोटर सायकिल सवारों को रोजाना पंचर और वाहन खराब होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क प्रतापपुर एवं कुण्डा क्षेत्र को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में राहगीरों की आवाजाही रहती है। रात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है, क्योंकि सड़क किनारे बड़े-बड़े झाड़ उगे हुए हैं और जगह-जगह धारदार गिट्टियां फैली हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार सड़क मरम्मत व नवीनीकरण की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। तीन किलोमीटर तक फैली यह सड़क आज आम जनता को खून के आँसू रुला रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र सड़क नवीनीकरण की मांग की है, ताकि आम नागरिकों, दोपहिया-चारपहिया चालकों एवं पैदल राहगीरों को गिट्टी से राहत मिल सके और किसी बड़े हादसे से पहले समस्या का समाधान हो।



### एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्तरीय जनजातीय कल्याण छत्तीसगढ़ एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से दिया जाना है। प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन एकलव्य विद्यालयों की विभागीय वेबसाइट के माध्यम से आमंत्रित किए जा रहे हैं। कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 01 मार्च 2026 रविवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि 08 जनवरी 2026 से 07 फरवरी 2026 तक निर्धारित है, जबकि ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 08 फरवरी से 10 फरवरी 2026 तक रहेगी।

## जिला उपाध्यक्ष बने जयराम साहू, सांसद व जिलाध्यक्ष से मुलाकात कर जताया आभार



**हरिभूमि पोंड़ी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कवर्धा द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। इस सूची में पोंड़ी क्षेत्र के सक्रिय एवं कर्मठ भाजपा कार्यकर्ता जयराम साहू को भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, उनकी नियुक्ति से जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। जयराम साहू लंबे समय से भाजपा संगठन में निष्ठा के साथ कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2007 में बोड़ला मंडल के युवा मोर्चा मंत्री के रूप में संगठनात्मक जिम्मेदारी निभाई। इसके पश्चात वे पूर्व विधायक अशोक साहू के विधायक प्रतिनिधि रहे तथा वर्तमान में सांसद संतोष पांडेय के सांसद प्रतिनिधि के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। संगठन के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी मजबूत पहचान है। वे साहू समाज में तहसील महामंत्री रह चुके हैं और वर्तमान में साहू समाज के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात जयराम साहू ने अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा, क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी से भेंटकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। जयराम साहू ने नियुक्ति के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अरुण साव तथा पंडरिया विधायक भावना बोहरा और शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, दिलीप श्रीवास्तव, राजू मानिकपुरी, अमन पाली, वेद साहू, रवि निषाद, विजय साहू, चंदन गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## तत्काल राशि प्राप्त होने से क्षेत्र के गन्ना किसानों में हर्ष व्याप्त

# किसानों को पेराई सत्र 2025-26 का 31.89 करोड़ का भुगतान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश एवं मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा पेराई सत्र 2025-26 के अंतर्गत गन्ना किसानों को अब तक कुल 31.89 करोड़ रूपए का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार और कलेक्टर गोपाल वर्मा के सतत मार्गदर्शन में कारखाना प्रबंधन द्वारा गन्ना किसानों को समय से भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा पेराई सीजन 2025-26 में आज दिनांक तक 31.89 करोड़ का भुगतान भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफआरपी 329.05 किसानों को उनके बैंक खाते में कर दिया गया है। इस प्रकार तत्काल राशि प्राप्त होने से क्षेत्र के गन्ना किसानों में हर्ष व्याप्त है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा के प्रबंध संचालक जीएस शर्मा ने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 के अंतर्गत 156820 मेट्रिक टन गन्ने की पेराई कर अब तक 174700 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। यह उपलब्धि शेयर धारक गन्ना उत्पादक किसानों के सहयोग और कारखाना प्रबंधन के कुशल संचालन का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना क्षेत्र के गन्ना किसानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य शासन की गन्ना नीति के तहत कारखाने द्वारा गन्ना उत्पादकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर, उनकी आर्थिक स्थिरता को मजबूत किया जा रहा है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा में पिछले पेराई सत्र के दौरान सदस्यों द्वारा अपेक्षा से कम गन्ना आपूर्ति किए जाने के कारण कारखाने में लक्ष्य से काफी कम पेराई हो सकी। परिणामस्वरूप कारखाने को निर्धारित समय से पहले ही बंद करना पड़ा। जिले के गन्ना किसानों को देश में सर्वाधिक रिकव्हरी के अनुरूप भुगतान किया जाता है, साथ ही रियायती दरों पर शक्कर वितरण, उन्नत गन्ना खेती कि लिए गुणवत्तायुक्त बीज एवं तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। किसानों की सुविधा के लिए कारखाना परिसर में सर्व-सुविधायुक्त किसान भवन का निर्माण भी किया गया है।



